चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3263
दिनांक : 08.12.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों एवं पूर्व छात्रों का डाटाबेस तैयार करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन के संलग्न पत्र संख्या–2324/सत्तर–1–2020 दिनांक 20 नवम्बर, 2020 एवं अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद,लखनऊ की मेल दिनांक 25.11.2020 जो कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों एवं पूर्व छात्रों का डाटाबेस तैयार करने के संबंध में है का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के पूर्व छात्र/छात्राओं का डाटाबेस तैयार किये जाने हेतु डा0 मुकेश कुमार शर्मा, एसोसियेट प्रोफेसर, गणित विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को नामित किया गया है।

उक्त के क्रम में शासन के पत्र के आलोक एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान की स्थापना के समय से (डिजिटलाइजेशन के पूर्व के) छात्र/छात्राओं का डाटाबेस 06 माह में तैयार कराते हुये प्रत्येक माह की प्रगति आख्या निम्न प्रारूप पर प्रतिमाह की 4तारीख को registrar@ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे कि वॉछित सूचना शासन को प्रेषित की जा सकें। यदि किसी भी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा समय पर सूचना उपलब्ध नही करायी जाती है तो उसकी सूचना शासन को प्रेषित कर दी जोयगी तथा शासन द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही की जाती है, उसका समस्त उत्तर दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

S.No.	Student Name	Period of stay	Class	Course	Gender	City	Mobile No.	E-Mail ID	Employment	Designation

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

08.12.2020

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को सूचनार्थ एवं प्रेषित।
03. डा0 मुकेश कुमार शर्मा, एसोसियेट प्रोफेसर, गणित विभाग, चौधरी चरण सिंह वि0वि0, मेरठ
04. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
05. प्रभारी बेबसाइट।

कुलसचिव

ई–मेल
संख्या–2324/सत्तर–1–2020

प्रेषक,

मोनिका एस गर्ग
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– कुलसचिव
समस्त राज्य विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2– कुलपति
समस्त निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक 20 नवम्बर, 2020

विषयः– विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों एवं पूर्व छात्रों का डाटाबेस तैयार करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया काफी समय से प्रचलित है तथा प्रवेश एवं परीक्षा आदि की प्रक्रियाएँ आनलाइन की जा रही है। यह संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अपनी स्थापना के समय से अब तक अध्येता रहे छात्र–छात्राओं का पूर्ण डाटाबेस (मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 तथा वर्तमान की प्रास्थिति आदि) उपलब्ध नहीं है। उनकी उपलब्धियों तथा उनके द्वारा समाज में किये जा रहे कार्यों का लाभ/मार्गदर्शन संस्थानों द्वारा प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही वर्तमान छात्रों द्वारा उनकी उपलब्धियों से प्रेरणा ग्रहण की जा सकती है।

2– अतः आपसे अनुरोध है कि ऐसे छात्रों, जिनके सम्बन्ध मे पूर्व से कम्प्यूटराईज्ड प्रक्रिया के आधार पर विश्वविद्यालयों में प्रवेश से लेकर अध्ययन समाप्त करने तक सम्पूर्ण गतिविधियों का डाटा उपलब्ध है, का डाटा–बेस तत्काल तैयार कराते हुए दिनांक 31–12–2020 तक संस्थान के पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना के समय से (डिजिटलाइजेशन के पूर्व के) छात्र–छात्राओं का डाटाबेस अगले 06 माह में पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय। इसकी मासिक प्रगति की रिपोर्ट कृपया शासन को प्रत्येक माह की 05 तारीख तक अवश्य प्रेषित की जाय।

भवदीय,

20/11

(मोनिका एस गर्ग)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैवः–

प्रतिलिपि निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।